epaper
हिन्दुस्तान

# आर्थिक फैसलों में मजबूती आएगी

11/03/2022

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** विधानसभा चुनावों में केंद्र सरकार की सत्ता वाली भारतीय जनता पार्टी के अच्छे प्रदर्शन का असर आने वाले दिनों में देश में लिए जाने वाले आर्थिक फैसलों पर भी दिखाई दे सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके बाद सरकार बड़े आर्थिक फैसले लेने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ पाएगी।

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ योगेंद्र कपूर ने हिन्दुस्तान को बताया कि अब सरकार के पास राज्यसभा में सीटों की कमी का भी खतरा नहीं रहेगा। साथ ही जीएसटी परिषद में भी बीजेपी समर्थिक सरकारों के वित्तमंत्रियों की संख्या पहले जैसी बरकरार रहेगी। ऐसे में उम्मीद है कि आने वाले दिनों में केंद्र सरकार की तरफ से पेट्रोल, डीजल को जीएसटी के दायरे में लाए जाने का प्रस्ताव काउंसिल में आता देखने को मिल सकता है।

जानकारी के मुताबिक, इस महीने के आखिर तक या फिर अगले महीने के पहले हफ्ते में जीएसटी काउंसिल की बैठक हो सकती है। बैठक में चुनाव वाले राज्यों के वित्तमंत्री भी शामिल होंगे। इसमें राज्यों के वित्तमंत्रियों की एक समिति जीएसटी काउंसिल को सबसे निचले जीएसटी स्लैब को बढ़ाने जैसे कदमों के सुझाव दे सकती है।